# जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 22.02.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 22.02.2025 को सायं 06.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया—

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय; उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0बी0 त्यागी, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 सूरजभान, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
7. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. इं0 अनिल कुमार शाह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
9. श्री विनोद कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
10. श्री अजय पाण्डेय, विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
11. इं0 निवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

**अवर जलाशय की प्रगतिः—** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 189 नग अवर जलाशय पूर्ण किये जा चुके है जिसमें से 136 नग अवर जलाशय से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि तत्काल डी0आई0 फिटिंग की टीम बढ़ाना सुनिश्चित करें एवं अधिशासी अभियंता, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 से समन्वय बनाते हुए अवशेष अवर जलाशय के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ लक्ष्यों को शत्—प्रतिशत पूर्ण कराते हुए समस्त अवर जलाशय से नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) की प्रगतिः—** जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद में गृह पेयजल संयोजन के निर्धारित लक्ष्य 259933 नग के सापेक्ष अब तक 245589 नग (94.48%) संयोजन किये गये हैं। गृह पेयजल संयोजन की धीमी प्रगति के कारण जनपद की रैंक सी0एम0 डैशबोर्ड में 06 मार्क के साथ सी ग्रेड ही प्राप्त हुई है जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि नियमित समीक्षा कर गृह पेयजल संयोजन की प्रगति को बढ़ाते हुए जनपद की रैंक में सुधार करना सुनिश्चित करेगें, अन्यथा आपके खिलाफ प्रतिकूल कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

**सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः—** अद्योहस्ताक्षरी को मा0 जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों के द्वारा प्रायः शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़कें कई माह तक खुदी पड़ी रहती हैं जिससे आम जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सहायक अभियंता अपने खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय बनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर सड़क पुर्नस्थापना का कार्य मानकानुसार शत्—प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें एवं अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जायेगी।

**डी0पी0एम0यू0:—** अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित मोनीटरिंग करते हुए टीम की रिपोर्ट (Day-wise/Personnel-wise) प्रत्येक माह अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करेगें एवं जल जीवन मिशन की बैठक से पूर्व भी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायेगें।

**मशीनरी/मैनपावरः—** अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद की निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर लगभग 741 मैनपावर उपलब्ध है एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा ग्रुप में प्रतिदिन मैनपावर की सूची ग्राम पचांयत—वार उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। तदकम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर पर्याप्त

letter- 30158 (B)

Scanned with OKEN Scanner

मैनपावर एवं मशीनरी/मैटेरियल आदि उपलब्ध कराते हुए अवर जलाशय से नियमित पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेगें एवं व्हाट्सएप ग्रुप "DWSM JJM Mainpuri" में प्रतिदिन मैनपावर रिपोर्ट प्रेषित करें। डी0पी0एम0यू0 एवं टी0पी0आई0 द्वारा अधिशासी अभियंता के निर्देशों में प्रतिदिन की मैनपावर एवं कार्य की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। जिससे हर घर जल एवं योजना हस्तानान्तरण की प्रगति को बढाया जा सके एवं योजना के कार्यों को ससमय पूर्ण किया जा सके।

टी0पी0आई0:– अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों यथा– बाउण्ड्रीवॉल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, सड़क पुर्नस्थापना आदि प्रत्येक कम्पोनेन्ट पर मानकानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेगें एवं अपने अधीनस्थ स्टाफ द्वारा दी गयी फील्ड रिपोर्ट का फोलोअप करते हुए पायी गयी कमियों का मै0 एन0सी0सी0 लि0 से समयवद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करेगें।

मुख्यतः विकासखण्ड– बेवर एवं मैनपुरी में गृह पेयजल संयोजन के कुल प्रस्तावित लक्ष्य क्रमशः 36748 नग एवं 29484 नग के सापेक्ष क्रमशः 34339 नग संयोजन (93.45 प्रतिशत) एवं 27517 नग संयोजन (93.33 प्रतिशत) ही किये गये है, विकासखण्ड– कुरावली में पाइप लाइन का कुल प्रस्तावित लक्ष्य 561 किमी0 के सापेक्ष मात्र 453 किमी0 (80.75 प्रतिशत) ही पाइप लाइन बिछाई गई है, विकासखण्ड– किशनी एवं करहल में अवर जलाशय के कुल प्रस्तावित लक्ष्य क्रमशः 59 नग एवं 54 नग के सापेक्ष क्रमशः 11 नग (18.64 प्रतिशत) एवं 06 नग (11.11 प्रतिशत) अवर जलाशय का ही निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। तदक्रम में निर्देशित किया गया कि विकासखण्ड बेवर एवं करहल के सहायक अभियंता श्री सी0बी0त्यागी, विकासखण्ड मैनपुरी के सहायक अभियन्ता श्री रोहितेन्द्र कुमार, विकासखण्ड कुरावली के सहायक अभियन्ता श्री सूरजभान सिंह एवं विकासखण्ड किशनी के सहायक अभियन्ता श्री विकास श्रीवास्तव को चेतावनी पत्र निर्गत करते हुए सम्बन्धित विकासखण्ड की प्रगति में सुधार करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

**समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।**

अनुमोदित

(नेहा बन्धु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

**अधिशासी अभियंता**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।**

पत्रांक– 765 / [illegible] / 12 दिनांक– 07-03-2025

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।
5. संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।
6. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
8. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
9. विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।

अधिशासी अभियंता

letter-30158 (B)

Scanned with OKEN Scanner